दिल्ली, उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश में प्रसारित हरियाणा का हिन्दी दैनिक

# सत्यजय टाईम्स

वर्ष-11, अंक-30, सोमवार 31 जनवरी, 2022, पृष्ठ 8, मूल्य 2 रुपये (फरीदाबाद से प्रकाशित) प्रातःकालीन संस्करण हिन्दी दैनिक

RNI NO HARHIN/2012/43543 Ph. 0129- 4042533, Email: sjtfaridabad@gmail.com @SatyajayT satyajaytimes

## सक्षिप्त समाचार

### डॉ. कृष्णकान्त गुप्ता को राष्ट्रीय उत्कृष्टता पुरस्कार से किया गया सम्मानित



बल्लभगढ़, 30 जनवरी, सत्यजय टाईम्स/विजय चौहान। प्रो. बी. एस. निगम फाउंडेशन ऑफ हायर एजुकेशन द्वारा डॉ. कृष्णकान्त गुप्ता, प्राचार्य अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ को शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान, पूर्ण समर्पित शिक्षाविद, कर्तव्यनिष्ठ और सहयोगी शोधकर्ता, युवा छात्रों और शोधकर्ताओं के लिए प्रभावी सलाहकार जिन्होंने शिक्षा के अर्थ को फिर से परिभाषित, विस्तार आउटरीच कार्यक्रमों और समाज के लिए उनके बहुमुखी अनुप्रयोगों की सराहना करते हुए फाउंडेशन अध्यक्ष डॉ. के. पी. सिंह द्वारा "राष्ट्रीय शिक्षा उत्कृष्टता पुरस्कार देकर सम्मानित किया। प्राचार्य महोदय को सम्मानित होते हुए देखना यह सभी के लिए गौरवशाली क्षण रहे। महाविद्यालय में खुशी का माहौल रहा।

प्राचार्य जी के कार्यकुशलता की सभी ने सराहना की। इस अवसर पर प्रबंधक समिति के प्रधान देवेंद्र गुप्ता, अध्यक्ष, डॉ वासुदेव गुप्ता, उपाध्यक्ष, विनोद मित्तल, महासचिव, प्रवीण मित्तल, कोषाध्यक्ष और प्रबंधन के विशिष्ट सदस्यों ने प्रधानाचार्य को उनकी शानदार सफलता पर बधाई दी। सभी टीचिंग और नॉन टीचिंग स्टाफ सदस्यों ने भी प्राचार्य को यह पुरस्कार मिलने पर बधाई दी।